# पौधे लगाकर लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प



**चाकसू.** कस्बे के कोटखावदा रोड स्थित उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर 51 पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आदर्श शिक्षा समिति जयपुर के व्यवस्थापक रामदयाल सेन, स्थानीय प्रबंध समिति अध्यक्ष नाथूलाल खंडेलवाल, जिला कार्यवाह महेश शर्मा, नगर कार्यवाह मोहित के निर्देशन में पौधरोपण किया गया।

पौधों की देखभाल की व्यवस्था पूर्व अभिभावक शंभू दयाल घीया की ओर से की गई। इस अवसर पर स्थानीय प्रबंधन समिति के व्यवस्थापक घनश्याम बाहेती, मुकुट बिहारी रावत, सदस्य सत्यनारायण सांवरिया, जुगल किशोर गर्ग उपस्थित रहे। उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य सुमेर सिंह शेखावत ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण के लिए विद्या भारती की ओर से पौधरोपण अभियान चलाया गया है, जिसमें विद्या मंदिर समिति, आचार्य व भैया बहिनों की ओर से एक व्यक्ति एक वृक्ष का संकल्प लिया गया। पौधरोपण कार्यक्रम में अर्जुन सिंह एडवोकेट का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। पौधरोपण कार्यक्रम में बालिका विद्यालय प्रधानाचार्य सीमा शर्मा, प्राथमिक प्रभारी रामवतार जाट, उच्च माध्यमिक प्रभारी गणपत सिंह सिसोदिया विद्यालय स्टाफ तथा भैया /बहिनों द्वारा सहयोग किया साथ ही इनकी देखरेख का दायित्व भी लिया।